अमर उजाला

नकली बीड़ी का कारखाना पकड़ा, तीन हिरासत में लिए

मेरठ ब्यूरो Updated Tue, 17 Jul 2018 12:40 AM IST

नकली बीड़ी का कारखाना पकड़ा, तीन हिरासत में लिए

देवबंद (सहारनपुर)। वाणिज्यकर विभाग की टीम ने पठानपुरा मोहल्ले में नकली बीड़ी का कारखाना पकड़ा है। इस मामले में तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। विभाग की टीम ने दो दिन पूर्व रेलवे स्टेशन से लाखों की कीमत के बीड़ी के बोरे जब्त किए थे। इस माल की छानबीन के बाद ही इस कारखाने का खुलासा हुआ है। पुलिस ने कई बीड़ी के बोरे, ब्रांडेड कंपनियों के नकली रेपर और अन्य सामान बरामद किया है। बता दें कि वाणिज्यकर विभाग की टीम ने दो दिन पूर्व रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से लाए गए नकली बीड़ी के 15 बोरे बरामद किए थे। इनकी कीमत करीब 25 लाख रुपये बताई गई थी। इस मामले में वाणिज्यकर और पुलिस की टीमें उनके मालिकों का सुराग लगाने में लगी थीं। सोमवार सुबह पुलिस ने नगर के मोहल्ला पठानपुरा में छापा मारा और तीन लोगों को हिरासत में लिया।

बताया जाता हैै कि ये लोग घर में ही नकली बीड़ी बनाने का कारखाना चला रहे थे। जहां से पुलिस ने ब्रांडेड कंपनियों के स्टीकर, हॉलमार्क के अलावा करीब चार बोरे नकली बीड़ी के बरामद किए हैं। कोतवाल उमेश कुमार का कहना है कि हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ की जा रही है। इसके बाद पूरे गिरोह का पर्दाफाश किया जाएगा। बता दें कि देवबंद क्षेत्र में पिछले कई वर्षों से नकली बीड़ी बनाने का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। नकली बीड़ी के कारोबार में मोटा मुनाफा कमाया जाता है। नकली बीड़ी के सप्लायर से लेकर इनको बेचने वाले दुकानदार तक दो गुना मुनाफा कमाते हैं जबकि कंपनी की बीड़ी बेचने में इतनी कमाई नहीं होती। इसके चलते नगर क्षेत्र में यहां धंधा बड़े पैमाने पर चल रहा है।

Source: https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/saharanpur/crime/41531768257-saharanpur-news